लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3279

09 दिसंबर, 2019 को उत्तर के लिए

सेल की सहायक कंपनियों को बंद करना

3279. श्री जय प्रकाशः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकारी क्षेत्र के स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने उत्तर प्रदेश और झारखंड में अपनी कुछ सहायक कंपनियों को बंद कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इन बंद सहायक कंपनियों के वित्तीय ब्यौरे क्या हैं?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ग): चूंकि इस्पात संयंत्रों को सामग्री की आपूर्ति अथवा सेवाएं प्रदान करने के लिए अनुषंगिक कंपनियाँ निजी उद्यमियों द्वारा इस्पात संयंत्रों के आस-पास स्थापित की जाती है, इसलिए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लेती है।

****